आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 21.01.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में निकाय चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज राजनैतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंकी।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयार की गई अवस्थापना सुविधाओं के दीर्घकालिक उपयोग के लिये उत्तराखंड में खेल अकादमियां स्थापित की जाएंगी।
- बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के कार्य मार्च माह में फिर से शुरू होंगे।
- नैनीताल नगर नियोजन के लिए असुरक्षित स्थानों का चिन्हीकरण और भूगर्भीय सर्वेक्षण शुरू।

**निकाय चुनाव**

प्रदेश में निकाय चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज राजनैतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झौंक दी है। इस दौरान सभी रोड शो, जनसभा और जनसम्पर्क के जरिए जनता से समर्थन मांग रहे हैं। प्रदेश में आज शाम 5 बजे चुनाव प्रचार का शोर थम जाएगा। इस बीच, राज्य में मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान में लगे कार्मिकों को पहले चरण का प्रशिक्षण के बाद कुछ जगहों पर दूसरे चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो आज पूरा हो जाएगा। इसके बाद कल पोलिंग पार्टियां अपने–अपने पोलिंग बूथों के लिए रवाना होंगी। उधर, राजधानी देहरादून में मतदान के लिए कुल चार हजार 704 मतदान कर्मिक और एक हजार 454 मतगणना कार्मिकों की तैनाती की गई है। नगर निगम देहरादून के लिए 7 रिटर्निंग अधिकारियों की तैनाती की गई है। मतगणना के दिन प्रत्येक आरओ के अन्तर्गत 15–15 टेबल, जबकि नगर निगम ऋषिकेश, नगर पालिका परिषद विकासनगर, हरबर्टपुर, नगर पंचायत सेलाकुई, नगर पालिका परिषद मसूरी और डोईवाला में 14–14 टेबल लगाई जाएगी।

**निकाय चुनाव बॉर्डर**

पिथौरागढ़ जिले में निकाय चुनाव के मद्देनजर धारचूला में भारत–नेपाल सीमा को आज शाम सील कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी विनोद गिरि गोस्वामी ने बताया कि इस विषय को लेकर दार्चुला जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में दोनों देशो के अधिकारियों के बीच सीमा पर पुल बंद करने को लेकर सहमति बनी है। उन्होंने बताया आज शाम पांच बजे झूलापुल को सील कर दिया जाएगा, जो 23 जनवरी की शाम मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद खुलेगा।

**कार्रवाई**

हरिद्वार के जिला निर्वाचन अधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने बिना किसी ठोस कारण निर्वाचन प्रक्रिया के प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे 4 मतगणना कार्मिकों और 21 मतदान कार्मिकों को दण्डारोपित करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की है। उन्होंने बताया कि आज आयोजित होने वाले मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण में अगर कोई कार्मिक अनुपस्थित पाया जाता है, तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी कार्मिकों को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से कार्य करने को कहा है।

**खेल अवस्थापना विकास**

38वें राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयार की गई अवस्थापना सुविधाओं के दीर्घकालिक उपयोग के लिये उत्तराखंड में खेल अकादमियां स्थापित की जाएंगी। विशेष प्रमुख सचिव, खेल, अमित सिन्हा ने बताया कि लेगेसी पॉलिसी का मसौदा तैयार कर लिया गया है, जिसे जल्द ही शासन को भेजा जाएगा। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि है यह कदम उत्तराखंड में खेल विकास को नई दिशा देगा। खेल सुविधाओं की देखभाल और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए ये अकादमियां महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

**राश्ट्रीय खेल तैयारियां**

38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारी को लेकर खेल मंत्री रेखा आर्या ने संबंधित जिलों के सभी खेल अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। उन्होंने कहा कि खेल सुविधाओं को सुरक्षित, संरक्षित और सुचारू रखने के लिए जल्द ही नीति बनाई जाएगी। श्रीमती आर्या ने कहा कि शहरों के साथ ही छोटे कस्बों और गांव में जो स्टेडियम, खेल छात्रावास, साइकिलिंग वैलोडरोम जैसे आधारभूत ढांचों का निर्माण किया जा रहा है, वह उत्तराखंड को खेल जगत में स्थापित करने में दीर्घकालिक भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खेलों की सभी तैयारी पूरी हो चुकी है और विभिन्न जिलों के आयोजन स्थलों पर निर्माण और सौंदर्यीकरण का जो कार्य चल रहे हैं वह सभी कार्य अगले तीन से चार दिन में पूरे हो जाएंगे।

**बदरीनाथ कार्य**

बदरीनाथ धाम में बर्फ कम होने के बाद मार्च के पहले सप्ताह से मास्टर प्लान के कार्य शुरू किए जाएंगे। बर्फबारी और कड़ाके की ठंड के कारण धाम में अभी काम रोका गया है। चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने मास्टर प्लान कार्यों को लेकर बैठक की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बदरीनाथ धाम में बर्फ पिघलने के बाद युद्ध स्तर पर कार्य प्रारंभ करने और चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले अधिकांश कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही यात्रा सीजन से पहले क्षतिग्रस्त सीवर और पेयजल लाइन को ठीक करने के लिए आगणन तैयार करते हुए अभी से आवश्यक सामग्री की व्यवस्था करने को कहा। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को बदरीनाथ धाम में भूमि हस्तांतरण संबंधित प्रकरणों का भी त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि बदरीनाथ में दो नए पुल का 40 प्रतिशत कार्य पूरा

हो चुका है। इसके अलावा शेष नेत्र और बद्रीश झील का सौंदर्यीकरण, लूप रोड और बाईपास सहित स्ट्रीट लाइट लगाने का काम भी पूरा हो चुका है।

**भूगर्भीय सर्वेक्षण**

उत्तराखण्ड भूस्खलन शमन और प्रबंधन केन्द्र की ओर से नैनीताल नगर नियोजन के लिए असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण और भूगर्भीय सर्वेक्षण का कार्य शुरू हो गया है। इसके अलावा केन्द्रीय भवन अनुसंधान संस्थान, रूड़की के माध्यम से नगर के लगभग एक हजार भवनों का भूकंप की दृष्टि से अध्ययन भी किया जाना है। इसके लिए दोनों संस्थाओं के बीच अनुबंध हो चुका है। इस संबंध में नैनीताल में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी वंदना ने जिला विकास प्राधिकरण के सचिव को समन्वय नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया है। वहीं, उत्तराखंड भूस्खलन शमन और प्रबंधन केन्द्र के निदेशक डा. शान्तनु ने जिलाधिकारी की सलाह पर नगर के चार्टन लॉज और कृष्णापुर इलाकों के कार्यों को पहले चरण में किए जाने के लिए अपनी सहमति दी है।

**प्रशिक्षण**

जिला उद्योग केंद्र हरिद्वार की ओर से लालढांग न्याय पंचायत के रसूलुपुर पंचायत में स्वयं सहायता समूह की महिलाओ को मूंज घास से उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दो महीने तक चलने वाले प्रशिक्षण में मूंज घास द्वारा कई प्रकार के झूमर, टोकर और अन्य वस्तुओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ऊधमसिंह नगर से आई प्रशिक्षक सुशीला ने बताया कि प्रशिक्षण से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। वहीं प्रशिक्षण ले रही महिलाओं का कहना है कि इस तरह के प्रशिक्षण से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के बाद वे स्वरोजगार के जरिए घर बैठे अपनी आर्थिकी मजबूत कर सकती हैं।

**मौसम**

प्रदेश के विभिन्न स्थानों में कल से बारिश और ऊंचाई वाले स्थानों में बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के तीन हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में कल बर्फबारी हो सकती है। बर्फबारी का यह दौर अगले दिन भी जारी रहने का अनुमान है। इस अवधि के दौरान राज्य के निचले हिस्सों में विभिन्न स्थानों पर बारिश की संभावना भी व्यक्त की गई। इस बीच, मौसम विभाग ने आज भी उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के ऊंचाई वाले हिस्सों में कहीं—कहीं हल्की बर्फबारी की संभावना व्यक्त की है।

**गणतंत्र दिवस**

इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में भारत की सांस्कृतिक विविधता और सैन्य शक्ति का शानदार प्रदर्शन होगा। इसमें संविधान लागू होने के 75 वर्षों और जन भागीदारी पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित रहेगा। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियान्तो इस बार गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। रक्षा सचिव राजेश

कुमार सिंह ने बताया कि कर्तव्य पथ पर परेड में भारतीय सशस्त्र बलों के साथ–साथ इंडोनेशिया का 160 सदस्यों का मार्चिंग दस्ता और 190 सदस्यों का बैंड दस्ता भी भाग लेगा। इस अवसर पर 34 श्रेणियों के लगभग दस हजार विशेष अतिथियों को राष्ट्र और समाज के निर्माण में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

**डॉनल्ड ट्रंप**

डॉनल्ड ट्रंप ने दूसरी बार अमरीका के राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। वॉशिंगटन डी.सी के कैपिटॉल रोटुंडा में अमरीका के मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने उन्हें कल रात पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान उपराष्ट्रपति पद के लिए जे.डी. वेन्स को न्यायमूर्ति ब्रेट केवनॉ ने शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित विश्व के कई नेताओं ने अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को दूसरे कार्यकाल के लिए पदभार संभालने पर बधाई दी है।